व्याख्या: दिये गये विकल्पों में से 'आमलक' तत्सम शब्द है इसका तद्भव 'आँवला' होता है। शेष सभी तद्भव हैं, इनके तत्सम रूप इस प्रकार हैं–

- भौंरा – भ्रमर
- गँवार – ग्रामीण
- बाँध- बंध

72. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तद्भव है?

(A) अष्टादश
(B) आसीस
(C) पृष्ठ
(D) स्थिर

उत्तर- B

व्याख्या: 'आसीस' तद्भव शब्द है। इसका तत्सम रूप 'आशिष' है। शेष सभी तत्सम हैं जिनके तद्भव अधोलिखित हैं–

CLICK HERE -
https://t.me/Top_Competitive_Exams_2023pdf
DECODE EXAM BEYOND THE BOOKS www.decodeexam

- अष्टादश – अठारह
- पृष्ठ – पीठ
- स्थिर- थिर

73. निम्नलिखित में से तत्सम-तद्भव का कौन सा युग्म सही नहीं है?

(A) स्पर्श छूना
(B) दश दस
(C) शून्य सुन्न
(D) स्वर्णकार सुनार

उत्तर- A

व्याख्या: तत्सम-तद्भव की दृष्टि से युग्म (A) सही नहीं है। स्पर्श का तद्भव रूप 'परस' है।

74. 'चौथा' का तत्सम शब्द है?

(A) चतुष्पद
(B) चतुष्क
(C) चतुष्काठ
(D) चतुर्थ

उत्तर-D

व्याख्या: चौथा का तत्सम रूप चतुर्थ है।

- 'चतुष्पद' चौपाया का, 'चतुष्क' चौक का तथा 'चतुष्काठ' चौखट का तत्सम रूप है।

75. निम्नलिखित में तद्भव शब्द है-

(A) राख
(B) सफल
(C) शक्यते
(D) लवंग

उत्तर- A

व्याख्या: 'राख' तद्भव शब्द है। इसका तत्सम 'क्षार' होता है। विकल्पगत अन्य सभी तत्सम शब्द हैं जिनके तद्भव रूप इस प्रकार हैं–

- सफल – सँभल
- शक्यते – सकना
- लवंग- लौंग

76. 'मोती' का तत्सम रूप है-

(A) मौती
(B) मौक्तिक
(C) मुक्तक
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर- B

CLICK HERE -
CLICK HERE -
https://t.me/Rpsctest_series2023pdf
DECODE EXAM BEYOND THE BOOKS www.decodeexam

व्याख्या: 'मोती' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'मौक्तिक' होता है, शेष विकल्प असंगत है।

77. इनमें से तत्सम-तद्भव का एक युग्म अशुद्ध है, वह है-

(A) उपाध्याय ओझा
(B) श्रेष्ठी सेठ
(C) अग्निष्ठिका अँगीठा
(D) आर्द्रक अदरक

उत्तर-C

व्याख्या: 'अग्निष्ठिका' तत्सम शब्द है, जिसका तद्भव 'अँगीठी' है। सेठ का तत्सम श्रेष्ठी /श्रेष्ठिन् होता है। मानक हिन्दी कोश खंड 1 (आचार्य रामचंद्र वर्मा) के अनुसार अँगीठा का तत्सम अग्निष्ठ (बड़ी अँगीठी) होता है।

78. एक तद्भव शब्द है-

(A) पंजर
(B) पंचाली
(C) पण्डित
(D) पंजीरी

उत्तर- D

व्याख्या: 'पंजीरी' तद्भव शब्द है, जबकि पंजर, पंचाली तथा पण्डित तत्सम शब्द हैं।

- पिंजरा/पिंजड़ा - पञ्जर/पंजरक
- पंडित/पाँडे -पण्डित

79. नीचे दिए गए तत्सम-तद्भव की दृष्टि से कौन सा शब्द युग्म सही है?

(A) बंदर वानर
(B) भाप वाष्प
(C) वर्ष बरस
(D) बुड्ढा वृद्ध

उत्तर- C

व्याख्या: विकल्प (C) का युग्म 'वर्ष-बरस' तत्सम तद्भव की दृष्टि से शुद्ध है। अन्य सभी विकल्प तद्भव-तत्सम के युग्म है।

80. 'नारियल' शब्द का तत्सम रूप है-

(A) नारिकेल
(B) नारिकेलि
(C) नारीकेली
(D) नारिकेला

उत्तर- A

व्याख्या: 'नारियल' शब्द का तत्सम 'नारिकेल' एवं नारीकेल दोनों सही होता हैं।

81. 'चना' का तत्सम रूप है-

CLICK HERE - https://t.me/Apostlesseries2023pdf
CLICK HERE
DECODE EXAM BEYOND THE BOOKS www.decodeexam.com

(A) चणक
(B) चणा
(C) चाणक
(D) चणाव

उत्तर- A

व्याख्या: 'चना' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'चणक' होता है।

82. निम्नलिकित युग्मों में से कौन सही सुमेलित नहीं है?

	(तद्भव)	(तत्सम)
(A)	साँचा	सच्चक
(B)	अखरोट	अक्षोट
(C)	चूल्हा	चुल्लि
(D)	मूँछ	मूँक्ष

उत्तर- D

व्याख्या: मूँछ का तत्सम 'श्मश्रु' होता है। अन्य सभी सही सुमेलित हैं।

83. एक तत्सम शब्द है-

(A) नारियल
(B) किवाड़
(C) वृक्
(D) साखी

उत्तर- C

व्याख्या: वृक् एक तत्सम शब्द है। इसका तद्भव 'भेड़िया' होता है।

84. कौन सा युग्म तत्सम की दृष्टि से अशुद्ध है?

(A) भ्रमर-मधूक
(B) कंकती-कटहरा
(C) शृंगाल-जंबु
(D) कदली-इसिका

उत्तर- B

व्याख्या: विकल्प (B) का शब्द युग्म तत्सम की दृष्टि से अशुद्ध है। इस विकल्प का पहला शब्द तत्सम जबकि दूसरा शब्द तद्भव है। कटहरा का तत्सम काष्ठगृह होता है। कंघी का तत्सम कंकती है।

- ईंट - इसिका,इष्टिका,इष्टका
- केला - कदली
- जामुन - जम्बुल/जंबू/जम्बूफल/जंबु
- सियार - शृंगाल
- भौंरा/भौरा/ भंवरा/भँवर - भ्रमर/भ्रमरक
- महुआ - मधूक

CLICK HERE -
CLICK HERE -
https://t.me/Rpsc1stGradeTestSeries2023pdf
DECODE EXAM BEYOND THE BOOKS www.decodeexam

85. निम्न में से कौन सा एक तत्सम शब्द नहीं है?

(A) आलस्य
(B) गोपाल
(C) चटिका
(D) पीढ़ी

उत्तर- D

व्याख्या: पीढ़ी एक तद्भव शब्द है जिसका तत्सम पीठिका होता है। आलस्य, गोपाल तथा चटका/चटिका तीनों ही तत्सम शब्द हैं, जिनका तद्भव शब्द क्रमशः आलस, ग्वाल तथा चिड़िया होता है।

86. निम्नलिखित में से कौन सा 'हींग' का सही तत्सम शब्द है?

(A) हिंगु
(B) हींगू
(C) हींग्र
(D) हींग

उत्तर- A

व्याख्या: हींग का सही तत्मस शब्द 'हिंगु' है। अन्य विकल्प गलत है।

87. 'संदंशिका' किसका तत्सम है?

(A) संदूक का
(B) सरसों का
(C) संदेश का
(D) सँडसी का

उत्तर- D

व्याख्या: संदंशिका एक तत्सम शब्द है। इसका तद्भव सँडसी होता है।

- सरसों - सर्षप

88. इनमे से तद्भव-तत्सम का एक सही शब्द युग्म है?

(A) कौड़ी कपार्दिकी
(B) अपाहिज आपाद
(C) ओस अवश्याय
(D) गेहूँ गोहूम

उत्तर- C

व्याख्या: 'अपाहिज' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'अपादहस्त' है।

- 'कौड़ी' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'कपर्दिका' है।
- 'ओस' तद्भव शब्द है, जिसका तत्सम 'अवश्याय' है।
- 'गेहूँ' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'गोधूम' है। अतः विकल्प (C) तद्भव-तत्सम की दृष्टि से शुद्ध युग्म है।

89. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम है-

(A) अपाहिज

CLICK HERE -
https://t.me/+0-2SOpaesIs1NTk3
CLICK HERE
www.decodeexam.com
DECODE EXAM BEYOND THE BOOKS
Question Series 2023 pdf

(B) प्रस्वेद
(C) पकवान
(D) पाँव

उत्तर- B

व्याख्या: "प्रस्वेद तत्सम शब्द है, जिसका तद्भव 'पसीना' है। अपाहिज, पकवान और पाँव तद्भव शब्द हैं, जिनके तत्सम क्रमशः अपादहस्त, पक्वान्न और पाद हैं।

90. 'वेत्र' का तद्भव शब्द है?
(A) बेंत
(B) वेन्त्र
(C) वेन्त
(D) वेंतृ

उत्तर- A

व्याख्या: 'वेत्र' का तद्भव शब्द 'बेंत' है। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

91. 'अग्निष्ठिका' का तद्भव शब्द है?
(A) अँगूठी
(B) अँगीठी
(C) अगाड़ी
(D) अठखेली

उत्तर- B

व्याख्या: 'अग्निष्ठिका' का तद्भव शब्द 'अँगीठी' है। 'अँगूठी' अंगुष्ठिका का, 'अगाड़ी' अग्रवर्ती का तथा 'अठखेली' 'अष्टकेलि' का तद्भव रूप है।

92. 'कोना' का तत्सम है?
(A) क्रोश
(B) कोण
(C) कुष्ठ
(D) कूट

उत्तर- B

व्याख्या: 'कोना' का तत्सम 'कोण' है, जबकि 'क्रोश', 'कुष्ठ' तथा 'कूट' क्रमशः 'कोस', 'कोढ़' तथा 'कूड़ा' के तत्सम रूप हैं।

93. निम्नलिखित में कौन सा शब्द तत्सम है?
(A) मक्खन
(B) मच्छर
(C) मुख
(D) मौर

उत्तर- C

CLICK HERE -
CLICK HERE -
https://t.me/Top_Competitive_Exams_2023pdf
DECODE EXAM BEYOND THE BOOKS www.decodeexam

व्याख्या: 'मुख' तत्सम शब्द है, जिसका तद्भव 'मुँह' है। 'मक्खन', 'मच्छर' तथा 'मौर' तद्भव शब्द हैं, जिनके तत्सम शब्द क्रमशः म्रक्षण, मत्सर तथा मुकुट हैं।

94. 'अखरोट' शब्द का तत्सम रूप है?

(A) अक्षवाट
(B) अक्षोट
(C) अक्षरोट
(D) अषरोट

उत्तर- B

व्याख्या: 'अखरोट' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'अक्षोट' है, जबकि 'अक्षवाट' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'अखाड़ा' होता है।

95. 'पनही' शब्द का तत्सम रूप है?

(A) तांबूल
(B) पर्ण
(C) पर्णहि
(D) उपानह

उत्तर- D

व्याख्या: 'पनही' का तत्सम 'उपानह' है। 'पर्ण' तत्सम शब्द, इसका तद्भव 'पान' है, जबकि 'तांबूल' पान का पर्यायवाची है।

96. तद्भव शब्द है?

(A) मानव
(B) मनई
(C) मनुष्य
(D) मान्य

उत्तर- B

व्याख्या: 'मनई' तद्भव है, इसका तत्सम 'मानव' होता है, जबकि तद्भव शब्द 'मानुस' का तत्सम 'मनुष्य' होता है।

- माना - मान्य
- मानना - मानन

97. उच्छ्वास शब्द का तद्भव रूप होगा?

(A) श्वास
(B) प्रश्वास
(C) उसास
(D) निःश्वास

उत्तर- C

व्याख्या: 'उच्छ्वास' तत्सम शब्द है। इसका तद्भव 'उसास' होता है।

98. निम्नलिखित शब्दों में से तत्सम शब्द कौन सा है?

CLICK HERE - https://t.me/Top_Selected_Series_2023pdf

(A) खीर
(B) अमिय
(C) कोख
(D) नासिका

उत्तर- D

व्याख्या: 'नासिका' तत्सम शब्द है। इसका तद्भव 'नाक' है।

- 'खीर', 'अमिय' तथा 'कोख' तद्भव शब्द हैं। इनके तत्सम क्रमशः 'क्षीर', 'अमृत' तथा 'कुक्षि' हैं।

99. निम्नलिखित में से कौन सा 'शब्द' का तद्भव रूप है?

(A) सब्द
(B) सबद
(C) शबद
(D) सुबद

उत्तर- B

व्याख्या: 'शब्द' तत्सम शब्द है। इसकी सही तद्भव 'सबद' है, जबकि शेष विकल्पों में दिये गये शब्द त्रुटिपूर्ण हैं।

100. निम्नलिखित में से भिन्न अर्थ रखने वाले विकल्प का चयन कीजिए-

(A) जामातृ, जामाता
(B) मंथन, म्रक्षण
(C) लगुड, यष्टि
(D) सूचिका, सूचि

उत्तर- B

व्याख्या: 'मक्खन' के लिए प्रयोग किये जाने वाले तत्सम शब्द हैं- 'मंथज' व 'म्रक्षण'

- 'मंथन' शब्द का प्रयोग 'मक्खन' के लिए नहीं किया जाता।
- अतः विकल्प (B) भिन्न अर्थ रखता है तथा अन्य सभी विकल्प समान अर्थ रखते हैं।
- जामातृ, जामाता — जमाई/दामाद
- लगुड, यष्टि — लाठी
- सूचिका, सूचि — सुई

CLICK HERE - https://t.me/Rpsc1stGradeExamSeries2023pdf
CLICK HERE
DECODE EXAM BEYOND THE BOOKS www.decodeexam

सामान्य हिंदी (वस्तुनिष्ठ)

समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा 2023

विशेष्य एवं विशेषण

*** Time: 90 Min**
*** Per Question: 1 Marks**
*** Total Marks: 100**
*** Negative Marking: 0.33 Marks**

1. 'प्रांजुल की पुस्तक पुरानी है' – इस वाक्य में 'पुस्तक' शब्द है-

(A) विशेष्य
(B) विशेषण
(C) क्रियाविशेषण
(D) सर्वनाम

उत्तर- A

व्याख्या: 'प्रांजुल की पुस्तक पुरानी है' इस वाक्य में 'पुस्तक' शब्द विशेष्य है।

- पुस्तक - पुस्तकीय

2. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द विशेष्य है?

(A) आकृष्ट
(B) पुरस्कार
(C) सामरिक
(D) दयालु

उत्तर- B

व्याख्या: दिए गए शब्दों में से 'पुरस्कार' विशेष्य है शेष सभी विशेषण। (पुरस्कार-पुरस्कृत)

- आकर्षण आकृष्ट
- समर सामरिक
- दया दयालु

3. 'वह नौकर नहीं आया' वाक्य में 'वह' कौन सा विशेषण है?

(A) सार्वनामिक विशेषण
(B) गुणवाचक विशेषण
(C) परिमाणबोधक विशेषण
(D) क्रमवाचक विशेषण

उत्तर- A

व्याख्या: 'वह' सार्वनामिक विशेषण है। 'सार्वनामिक विशेषण' संज्ञा से पहले प्रयोग होकर उस संज्ञा शब्द की विशेषता बताते है।

- सर्वनाम (मैं, तू) के अतिरिक्त जब अन्य सर्वनाम किसी संज्ञा से पहले आते हैं, तो वे सार्वनामिक विशेषण का कार्य करते हैं।

उदाहरण: वह मकान गिर जाएगा।
यह पुस्तक अच्छी है।

CLICK HERE - https://t.me/Rpsc_Pre_Mains_Test_Series_2023pdf
CLICK HERE
DECODE EXAM BEYOND THE BOOKS
www.decodeexam.com

वे लोग मूर्ख हैं।
कौन व्यक्ति जा रहा है।
ये घोड़े मजबूत हैं।

4. मैं वहाँ अवश्य आऊँगा। वाक्य में रेखांकित शब्द किस प्रकार का क्रिया विशेषण है?

(A) निषेधवाचक क्रिया विशेषण
(B) निश्चयवाचक क्रिया विशेषण
(C) अनिश्यवाचक क्रिया विशेषण
(D) कारणवाचक क्रिया विशेषण

उत्तर- B

व्याख्या: 'अवश्य' निश्चयवाचक क्रिया विशेषण है।

निश्चयवाचक क्रिया-विशेषण- यह क्रियाविशेषण शब्द तब प्रयोग होते हैं जब हमें कोई निश्चय व्यक्त करना होता है। अर्थात् जो शब्द क्रिया में निश्चय संबंधी विशेषता को प्रकट करें, उन्हें निश्चयवाचक क्रिया-विशेषण कहते हैं। जैसे:- अवश्य, बेशक, सचमुच, वस्तुतः, निःसंदेह, सही, जरूर, अलबत्ता, यथार्थ में, दरअसल आदि।

उदाहरण-

- मैं वहाँ **अवश्य** जाऊँगा।
- प्रीत **निःसंदेह** सफल होगा।

5. इनमें संख्यावाचक विशेषण कौन सा है?

(A) पाँच
(B) सुन्दर
(C) सूखा
(D) थोड़ा

उत्तर- A

व्याख्या: इनमें से पाँच संख्यावाचक विशेषण है।

संख्यावाचक विशेषणः- जिन विशेषण शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध हो, वे संख्यावाचक विशेषण होते हैं।

जैसेः- चार दिन, पाँच घर, दस दिशा,
कुछ व्यक्ति, सब कोई।

संख्यावाचक विशेषण के भेदः- संख्यावाचक विशेषण के दो भेद होते हैं।

(i). निश्चित संख्यावाचक (ii). अनिश्चित संख्यावाचक

(i). निश्चित संख्यावाचकः- इस विशेषण से संज्ञा या सर्वनाम की निश्चित संख्या का बोध होता है।

उदाहरणः- एक कार, दो कमरे,
तीन लड़के, पाँच कुत्ते आदि।

(ii). अनिश्चित संख्यावाचकः- इस विशेषण से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या निश्चित रूप से ज्ञात नहीं होती है।

उदाहरणः- कुछ लोग, हर एक व्यक्ति,
सब लोग, कई व्यक्ति।

निश्चित संख्यावाचक विशेषण के भेद एवं उदाहरणः-

(I) गणनावाचक विशेषणः- एक, दो, तीन, सवा, ढ़ाई, साढ़े तीन। इसके भी दो भेद हैं –

(क). पूर्णकिबोधक - एक, दो, तीन, पाँच, आठ।

(ख). अपूर्णकिबोधक - सवा, ढ़ाई, साढ़े तीन, पौने पाँच।

(II). क्रमवाचक विशेषणः- पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा, पाँचवां आदि।

(III). आवृत्तिवाचक विशेषणः- दूना, तिगुना, चौगुना, ढ़ाई गुना, दस गुना आदि।

CLICK HERE -
CLICK HERE -
https://t.me/Apostlestudies2023pdf
DECODE EXAM BEYOND THE BOOKS
www.decodeexam.com

(IV). समुदाय बोधक विशेषणः- दोनों, तीनों, चारों, आठों, एक दर्जन, एक जोड़ी आदि।
(V). प्रत्येक बोधक विशेषणः- हर-एक, दो-दो, सवा-सवा, प्रत्येक आदि।

6. 'भावना अति सुन्दर लड़की है।' वाक्य में 'प्रविशेषण' की पहचान कीजिए-

(A) अति
(B) सुन्दर
(C) लड़की
(D) भावना

उत्तर- A

व्याख्या: विशेषण की भी विशेषता बतलाने वाले शब्द प्रविशेषण कहलाते हैं। प्रश्नगत वाक्य में 'अति' प्रविशेषण है।

प्रविशेषणः- विशेषण अथवा क्रिया-विशेषण की विशेषता बताने वाले शब्द प्रविशेषण कहलाते हैं।

उदाहरणः- श्याम अत्यंत निर्धन है। (अत्यंत – प्रविशेषण,)
क्षत्रिय बड़े साहसी होते हैं। (बड़े – प्रविशेषण)
अर्चना अत्यधिक सुंदर हैं। (अत्यधिक– प्रविशेषण)

7. कौन से वाक्य में विधेय विशेषण का उदाहरण है?

(A) लाल घोड़ा दौड़ रहा है।
(B) प्रांजुल चंचल लड़का है।
(C) मेरी गाय सीधी है।
(D) सुधांशु तेज छात्र है।

उत्तर- C

व्याख्या: जो विशेषण विशेष्य और क्रिया के बीच आये, विधेय विशेषण कहलाता है। वाक्य (C) में विधेय विशेषण है जबकि शेष में विशेष्य विशेषण।

विधेय विशेषणः- इसमें विशेषण शब्द, विशेष्य के बाद आता है। **जैसेः-**

(1) मेरा कुत्ता काला है।
(कुत्ता – विशेष्य, काला – विशेषण)
(2) मेरा लड़का आलसी है।
(लड़का – विशेष्य, आलसी – विशेषण)
(3) वह गाय बहुत काली है।
(गाय – विशेष्य, काली – विशेषण, बहुत – प्रविशेषण)
(4) आदमी बड़ा मेहनती था।
(आदमी – विशेष्य, मेहनती – विशेषण, प्रविशेषण – बड़ा)
(5) मेरी पुस्तक पुरानी है।
(पुस्तक – विशेष्य, पुरानी – विशेषण)

8. इनमें से संकेतवाचक विशेषण वाले वाक्य की पहचान कीजिए-

(A) इस किताब को जरूर पढ़िये।
(B) कुछ लोग मेरे घर आने वाले हैं।
(C) मेरा बेटा घर नहीं पहुँचा।
(D) रश्मि ने नीली साड़ी पहन रखी है।

उत्तर- A

CLICK HERE -
CLICK HERE -
https://t.me/Rpsc1stgradeseries2023pdf
DECODE EXAM BEYOND THE BOOKS www.decodeexam.com

व्याख्या: जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की ओर संकेत करते है या जो शब्द सर्वनाम होते हुए भी किसी संज्ञा से पहले आकर उसकी विशेषता को प्रकट करें, उन्हें संकेतवाचक या सार्वनामिक विशेषण कहते है। दूसरे शब्दों में-मैं, तू, वह के सिवा अन्य सर्वनाम जब किसी संज्ञा के पहले आते हैं, तब वे 'संकेतवाचक' या 'सार्वनामिक विशेषण' कहलाते हैं। वाक्य (A) में "इस" संकेतवाचक विशेषण का प्रयोग हुआ है। संकेतवाचक सार्वनामिक विशेषणों को निश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण भी कहते हैं।

9. 'मीठा सेब' में 'मीठा' किस कोटि का विशेषण है?

(A) परिमाणवाचक
(B) गुणवाचक
(C) व्यक्तिवाचक
(D) संख्यावाचक

उत्तर- B

व्याख्या: 'मीठा सेब' में मीठा गुणवाचक विशेषण है। किसी संज्ञा या सर्वनाम के गुण (विशेष स्थिति, दिशा, रंग, गुण-दोष, गंध, काल, स्थान, आकार, रूप स्वाद आदि) का बोध कराने वाले विशेषण को गुणवाचक विशेषण कहते हैं।

10. एक शुद्ध विशेष्य-विशेषण युग्म नहीं है?

(A) चिंता – चिंत्य
(B) गेय – ग्रस्त
(C) कथन – कथित
(D) एषण – इष्ट

उत्तर- B

व्याख्या: गेय-ग्रस्त विशेष्य-विशेषण की दृष्टि से गलत युग्म है। ये दोनों शब्द विशेषण हैं।

(विशेषण)	(विशेष्य)
गेय	गायन
ग्रस्त	ग्रास

11. कौन सा एक सार्वनामिक विशेषण का उदाहरण है?

(A) वह मकान गिर जायेगा।
(B) चार दिन रुको ।
(C) बच्चे धीरे-धीरे चल रहे थे।
(D) परसों बरसात होगी ।

उत्तर- A

व्याख्या: 'वह' एक सार्वनामिक विशेषण है। अतः वाक्य (a) सार्वनामिक विशेषण का उदाहरण है।

12. 'वे कब गए' वाक्य में क्रिया विशेषण का कौन सा भेद है?

(A) परिमाणवाच क्रिया विशेषण
(B) दिशावाचक क्रिया विशेषण
(C) स्थानवाचक क्रिया विशेषण
(D) कालवाचक क्रिया विशेषण

CLICK HERE -
https://t.me/+0-xxxxxxxxxxxxxx
CLICK HERE
www.decodeexam.com
DECODE EXAM
BEYOND THE BOOKS

उत्तर- D

व्याख्या: 'कब' काल का बोध कराता है। अतः 'वे कब गए' वाक्य कालवाचक क्रिया विशेषण का उदाहरण है।

कालवाचक क्रिया-विशेषण- वो क्रियाविशेषण शब्द जो क्रिया के होने के समय के बारे में बोध कराते हैं, कालवाचक क्रियाविशेषण कहलाते हैं। कुछ कालवाचक क्रिया-विशेषण शब्द हैं- आजकल, अभी, तुरंत, रात-भर, दिन-भर, हर बार, कई बार, नित्य, कब, यदा, कदा, जब, तब, हमेशा, तभी, तत्काल, निरंतर, शीघ्र पूर्व, बाद, पीछे, घड़ी-घड़ी, अब, तत्पश्चात, तदनन्तर, कल, फिर, कभी, प्रतिदिन, दिनभर, आज, परसों, पहले, सदा, लगातार, अभी-अभी, प्रतिदिन, बार-बार, पहले, बाद में, निरन्तर, नित्य, दोपहर, सायं आदि।

13. निम्नलिखित में से एक शब्द विशेषण नहीं है?

(A) अंकित
(B) अज्ञानी
(C) अनुभवी
(D) आश्रय

उत्तर- D

व्याख्या: 'आश्रय' विशेषण शब्द नहीं है। (आश्रय-आश्रित)

- **विशेष्य** **विशेषण**
- अंक अंकित
- अंकन अंकित
- अज्ञान अज्ञानी
- अनुभव अनुभवी/आनुभाविक

14. इनमें से 'खेलना' शब्द से बना विशेषण है-

(A) दयालु
(B) कृपालु
(C) खिलाड़ी
(D) धार्मिक

उत्तर- C

व्याख्या: 'खेलना' शब्द से बना विशेषण 'खिलाड़ी' है।

विशेष्य -विशेषण

- कृपा-कृपालु
- दया-दयालु
- धर्म -धार्मिक

15. 'काली गाय खड़ी है।' वाक्य में विशेषण है?

(A) काली
(B) गाय
(C) खड़ी
(D) है

उत्तर- A

CLICK HERE - https://t.me/Rpsc1stGradeExamSeries2023pdf

व्याख्या: 'काली गाय खड़ी है।' वाक्य में काली विशेषण है जो गाय की विशेषता बता रहा है।

16. निम्नलिखित उदाहरण में कौन सा विशेषण है–
वह मकान गिर जायेगा।

(A) सार्वनामिक
(B) संख्यावाचक
(C) गुणवाचक
(D) परिमाणवाचक

उत्तर- A

व्याख्या: सार्वनामिक विशेषणः- सर्वनाम शब्द जब विशेषण की तरह प्रयोग में आते हैं, तो सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं।

17. निम्नलिखित में से असुमेलित युग्म की पहचान कीजिए–

उदाहरण	विशेषण
(A) चार लीटर दूध लाओ	परिमाणवाचक
(B) वे लोग मूर्ख हैं	गणनावाचक
(C) आप चार दिन से कहाँ थे?	संख्यावाचक
(D) अनुज ईमानदार है	गुणवाचक

उत्तर- B

व्याख्या: "वे" सार्वनामिक विशेषण का उदाहरण है।

18. 'कोमल', 'कठोर', 'नीला', 'दयालु' आदि किस प्रकार के विशेषण हैं?

(A) निजवाचक
(B) गुणवाचक
(C) संख्यावाचक
(D) परिमाणवाचक

उत्तर- B

व्याख्या: गुणवाचक विशेषणः- किसी संज्ञा या सर्वनाम के गुण (विशेष स्थिति, दिशा, रंग, गुण-दोष, गंध, काल, स्थान, आकार, रूप स्वाद आदि) का बोध कराने वाले विशेषण को गुणवाचक विशेषण कहते हैं।

19. मैं कहाँ जाऊँ?
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द किस प्रकार का क्रियाविशेषण है?

(A) कालवाचक
(B) स्थानवाचक
(C) दिशावाचक
(D) परिमाणवाचक

उत्तर- B

व्याख्या: स्थानवाचक क्रिया-विशेषण- ऐसे अविकारी शब्द जो हमें क्रियाओं के होने के स्थान का बोध कराते हैं, वे शब्द स्थानवाचक क्रियाविशेषण कहलाते हैं। जैसे: जहाँ पर यहाँ, वहाँ, भीतर, बाहर, इधर, उधर, दाएँ, बाएँ, कहाँ, किधर, जहाँ,

CLICK HERE -
CLICK HERE
https://t.me/Rpf_Constable_Previous_Year_Question_Series_2023pdf
DECODE EXAM
BEYOND THE BOOKS
www.decodeexam.com

पास, दूर, अन्यत्र, इस ओर, उस ओर, ऊपर, नीचे, सामने, आगे, पीछे, आमने आते है वहाँ पर स्थानवाचक क्रियाविशेषण अव्यय होता है।

20. रीतिवाचक क्रिया विशेषण का उदाहरण है?

(A) कम खाओ।
(B) वह उधर मुड़ गया।
(C) वह प्रतिदिन पढ़ता है।
(D) श्याम फटाफट खाता है।

उत्तर- D

व्याख्या: रीतिवाचक क्रिया-विशेषण- जो शब्द क्रिया की रीति या ढंग बताते है उन्हें रीतिवाचक क्रियाविशेषण कहते है। अर्थात् ऐसे क्रियाविशेषण शब्द जो किसी क्रिया के होने की विधि या तरीके का बोध कराते हैं, वह शब्द रीतिवाचक क्रिया विशेषण कहलाते हैं। कुछ रीतिवाचक क्रिया-विशेषण शब्द- धीरे, फटाफट, जल्दी, ऐसे, वैसे, कैसे, ध्यानपूर्वक, सुखपूर्वक, शांतिपूर्वक आदि।

21. 'रित्विक अच्छा लड़का है।' वाक्य में विशेषण पहचानिए-

(A) रित्विक
(B) अच्छा
(C) लड़का
(D) है

उत्तर- B

व्याख्या: दिये गए वाक्य में 'अच्छा' विशेषण है। संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते है।

22. किस वाक्य में निजवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है?

(A) आप कहाँ गये थे?
(B) आप चिंता मत करो।
(C) मैं स्वयं अस्पताल चला जाऊँगा।
(D) आप क्या करते हैं?

उत्तर- C

व्याख्या: विकल्प (C) में निजवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है।

निजवाचक सर्वनामः- निजवाचक सर्वनाम मूलतः पुरूषवाचक सर्वनाम का ही रूप है। निजवाचक सर्वनाम का प्रयोग लेखक या वक्ता स्वयं के लिए करता है। जैसे – आप, अपने-आप, स्वयं, खुद, स्वतः, निज, हम।

विशेषः- जहाँ पर 'आप' कर्ता के रूप में प्रयुक्त होता है, वहाँ वह पुरूषवाचक होता है, परन्तु जब वह स्वयं कार्य नहीं करता किन्तु अपने विषय में कुछ संकेत करता है, तो वह (आप) निजवाचक सर्वनाम होता है।

23. नीचे दिए गए वाक्यों में से किसमें गुणवाचक विशेषण का प्रयोग हुआ है-

(A) रामू अस्वस्थ है।
(B) आप चार दिन से कहाँ थे?
(C) तीन सेब लाओ ।
(D) आप लखनऊ चले जाना।

CLICK HERE - https://t.me/Rpsc1stGradeExamPaper2023pdf
CLICK HERE
DECODE EXAM BEYOND THE BOOKS
www.decodeexam.com

उत्तर- A

व्याख्या: जिन विशेषण शब्दों से संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों के गुण – दोष का बोध हो, वे गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं। रामू 'अस्वस्थ' है वाक्य में 'अस्वस्थ' गुणवाचक (भावबोधक) विशेषण है।

24. अर्थ के अनुसार क्रियाविशेषण का कौन सा एक भेद नहीं है?

(A) कालवाचक क्रियाविशेषण
(B) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(C) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(D) पुरुषवाचक क्रियाविशेषण

उत्तर- D

व्याख्या: अर्थ के अनुसार क्रिया विशेषण के मुख्यतः चार भेद हैं–

1. कालवाचक क्रिया विशेषण
2. रीतिवाचक क्रिया विशेषण
3. स्थानवाचक क्रिया विशेषण
4. परिमाणवाचक क्रिया विशेषण

- 'पुरुषवाचक क्रियाविशेषण' इसका भेद नहीं है।

(1) **कालवाचक क्रिया-विशेषण**- वो क्रियाविशेषण शब्द जो क्रिया के होने के समय के बारे में बोध कराते हैं, कालवाचक क्रियाविशेषण कहलाते हैं। कुछ कालवाचक क्रिया-विशेषण शब्द हैं- आजकल, अभी, तुरंत, रात-भर, दिन-भर, हर बार, कई बार, नित्य, कब, यदा, कदा, जब, तब, हमेशा, तभी, तत्काल, निरंतर, शीघ्र पूर्व, बाद, पीछे, घड़ी-घड़ी, अब, तत्पश्चात, तदनन्तर, कल, फिर, कभी, प्रतिदिन, दिनभर, आज, परसों, पहले, सदा, लगातार, अभी-अभी, प्रतिदिन, बार-बार, पहले, बाद में, निरन्तर, नित्य, दोपहर, सायं आदि।

(2) **स्थानवाचक क्रिया-विशेषण-** ऐसे अविकारी शब्द जो हमें क्रियाओं के होने के स्थान का बोध कराते हैं, वे शब्द स्थानवाचक क्रियाविशेषण कहलाते हैं। जैसे: जहाँ पर यहाँ, वहाँ, भीतर, बाहर, इधर, उधर, दाएँ, बाएँ, कहाँ, किधर, जहाँ, पास, दूर, अन्यत्र, इस ओर, उस ओर, ऊपर, नीचे, सामने, आगे, पीछे, आमने आते है वहाँ पर स्थानवाचक क्रियाविशेषण अव्यय होता है।

(3) **रीतिवाचक क्रिया-विशेषण-** जो शब्द क्रिया की रीति या ढंग बताते है उन्हें रीतिवाचक क्रियाविशेषण कहते है। अर्थात् ऐसे क्रियाविशेषण शब्द जो किसी क्रिया के होने की विधि या तरीके का बोध कराते हैं, वह शब्द रीतिवाचक क्रिया विशेषण कहलाते हैं। कुछ रीतिवाचक क्रिया-विशेषण शब्द- धीरे, जल्दी, ऐसे, वैसे, कैसे, ध्यानपूर्वक, सुखपूर्वक, शांतिपूर्वक आदि।

(4) **परिमाणवाचक क्रियाविशेषण-** ऐसे क्रियाविशेषण शब्द जिनसे हमें क्रिया के परिमाण, संख्या या मात्रा का पता चलता है, वे शब्द परिमाणवाचक क्रियाविशेषण कहलाते हैं। अर्थात् जो शब्द क्रिया के परिमाण (मात्रा) से सम्बद्ध विशेषता प्रकट करें, उन्हें 'परिमाणवाचक क्रियाविशेषण' कहते है।

जैसे- काफी, ठीक-ठाक, बहुत, कम, अत्यंत, अतिशय, बहुधा, थोडा-थोडा, अधिक, अल्प, कुछ, पर्याप्त, प्रभूत, न्यून, बूंद-बूंद, स्वल्प, केवल, प्रायः, अनुमानतः, सर्वथा, उतना, जितना, खूब, तेज, अति, जरा, कितना, बड़ा, भारी, लगभग, बस, इतना, थोड़ा, पर्याप्त, जरा, खूब, अत्यन्त, तनिक, बिलकुल, स्वल्प, केवल, सर्वथा, अल्प आदि।

25. किस विकल्प में अव्यय से विशेषण की रचना हुई है-

(A) लुटेरा
(B) बाहरी

CLICK HERE - https://t.me/Apostilasbrasil2023pdf
CLICK HERE
DECODE EXAM BEYOND THE BOOKS www.decodeexam.com

(C) हमारा
(D) तुंदिल

उत्तर- B

व्याख्या: 'अव्यय' अविकारी शब्द होते हैं अर्थात् इनमें लिंग, वचन, कारक आदि के आधार पर मूल शब्द में कोई परिवर्तन नहीं होता। 'बाहर' एक अव्यय शब्द है। इसका विशेषण 'बाहरी' है।

- लूटना (क्रिया)- लुटेरा (विशेषण)
- हम (सर्वनाम)- हमारा (विशेषण)
- तुंद (विशेष्य)-तुंदिल (विशेषण)

26. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द विशेषण है?

(A) उपार्जन
(B) क्रोधी
(C) उपनिवेश
(D) चुनौती

उत्तर- B

व्याख्या: 'क्रोध' से बना विशेषण शब्द क्रोधी है। शेष विकल्प सही नहीं है।

- उपार्जन उपार्जित
- उपनिवेश औपनिवेशिक

27. चतुर लड़की कहाँ गई है? वाक्य में विशेषण है-

(A) चतुर
(B) लड़की
(C) गई
(D) है

उत्तर- A

व्याख्या: वाक्य में 'चतुर' विशेषण है जो 'लड़की' की विशेषता बता रहा है। अतः विकल्प (A) सही है।

28. 'इन्द्रिय' का विशेषण शब्द है-

(A) इन्द्रीय
(B) इन्द्रिक
(C) ऐन्द्रि
(D) ऐन्द्रिय

उत्तर- D

व्याख्या: 'इन्द्रिय' का विशेषण ऐंद्रिक या ऐन्द्रिय होता है।

29. 'चारित्रिक' विशेषण शब्द का मूल शब्द कौन सा है?

(A) चरित्र
(B) चित्रण
(C) चरित्रता

CLICK HERE -
https://t.me/Apostlestories2023pdf

(D) चारुत्व

उत्तर- A

व्याख्या: 'चरित्र' शब्द से बना विशेषण है – चारित्रिक

30. समानतावाचक विशेषण के संबंध में असुमेलित युग्म पहचानिए-

(A) हिटलर के समान तानाशाह

(B) कोयले के समान काला

(C) उस्तरे के समान पैना

(D) भैंसे के समान खूनी

उत्तर- D

व्याख्या: भैंसे के समान – मोटा परंपरागत विशेषण है न कि 'खूनीं'

समानतावाचक विशेषण के कुछ उदाहरण-

- तोता के समान रट्टू
- त्रिशंकु के समान दुविधा
- दधीचि के समान आत्मबलिदानी
- दिन के समान चमकीला
- दुर्वासा के समान क्रोधी
- दूध के समान सफेद
- धूल के समान सूखा
- ध्रुव के समान अटल
- नाग के समान क्रोध
- नारियल के समान समृद्धि
- पत्थर के समान कठोर या भारी
- बच्चे के समान निष्कपट
- बन्दर के समान नकलची

31. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द विशेषण है?

(A) अरण्य

(B) आदेश

(C) अतिरंजन

(D) आण्विक

उत्तर- D

व्याख्या: 'अणु' शब्द से बना विशेषण 'आण्विक' है।

- अरण्य आरण्यक
- अतिरंजन अतिरंजित

32. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द विशेष्य है?

(A) अलंकृत

(B) अधिकार

CLICK HERE - https://t.me/Decodeexam_bot
CLICK HERE - https://t.me/Decodeexam_bot
DECODE EXAM BEYOND THE BOOKS www.decodeexam.com Previous Year Question Series 2023 pdf

(C) ऐच्छिक
(D) अपराधी

उत्तर- B

व्याख्या: 'अधिकार' शब्द विशेष्य है इसका विशेषण अधिकारी/आधिकारिक होता है। शेष सभी विशेषण शब्द है।

- अलंकार अलंकृत, आलंकारिक
- अपराध अपराधी
- इच्छा ऐच्छिक, इष्ट

33. 'पाँचो आदमी' में 'पाँचो' है-

(A) समुदायवाचक विशेषण
(B) आवृत्तिवाचक विशेषण
(C) क्रमवाचक विशेषण
(D) गणनावाचक विशेषण

उत्तर- A

व्याख्या: जिन विशेषणों से किसी सामूहिक संख्या का बोध होता है, उन्हें समुदायवाचक विशेषण कहते हैं।

- 'पाँचों आदमी' में 'पाँचो' समुदायवाचक विशेषण का बोध कराता है।

34. 'विद्वान व्यक्ति पूज्य होते है' में प्रयुक्त विशेषण है?

(A) सार्वनामिक
(B) गुणवाचक
(C) संख्यावाचक
(D) परिमाणबोधक

उत्तर- B

व्याख्या: उल्लिखित वाक्य में विद्वान 'गुणवाचक विशेषण' है।

35. जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है, उसे कहते हैं?

(A) सर्वनाम
(B) विशेषण
(C) अव्यय
(D) क्रिया

उत्तर- B

व्याख्या: जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है, उसे विशेषण कहते हैं।

36. गुणवाचक विशेषण है?

(A) पाँच
(B) न्यायी
(C) वह
(D) क्यों

उत्तर- B

CLICK HERE - https://t.me/Apostlestories2023pdf
CLICK HERE
DECODE EXAM BEYOND THE BOOKS www.decodeexam

व्याख्या: 'न्यायी' गुणवाचक विशेषण है।

- पाँच – संख्यावाचक विशेषण
- वह – सार्वनामिक विशेषण
- क्यों – प्रश्नवाचक विशेषण (कारणवाचक क्रिया-विशेषण)

37. 'निम्नतर' है, विशेषण की-

(A) मूलावस्था
(B) उत्तरावस्था
(C) उत्तमावस्था
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- B

व्याख्या: 'निम्नतर' विशेषण की उत्तरावस्था है।

- मूलावस्था 'निम्न' व उत्तमावस्था 'निम्नतम' होंगी।

मूलावस्था	उत्तरावस्था	उत्तमावस्था
प्रिय	प्रियतर	प्रियतम
निम्न	निम्नतर	निम्नतम
निकृष्ट	निकृष्टतर	निकृष्टतम
लघु	लघुतर	लघुतम
उच्च	उच्चतर	उच्चतम
अधिक	अधिकतर	अधिकतम
कोमल	कोमलतर	कोमलतम
सुन्दर	सुन्दरतर	सुन्दरतम
महत्	महत्तर	महत्तम
मोटा	अधिक मोटा	सबसे अधिक मोटा
अच्छा	अधिक अच्छा	सबसे अधिक अच्छा

38. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द क्रिया विशेषण है?

(A) विद्वान
(B) भलाई
(C) श्रद्धेय
(D) जल्दी-जल्दी

उत्तर- D

व्याख्या: 'जल्दी-जल्दी' शब्द क्रिया विशेषण है। क्रिया की विशेषता बतलाने वाले शब्द क्रिया विशेषण कहलाते हैं।

39. समानतावाचक विशेषण के संबंध में असुमेलित युग्म की पहचान काजिए-

(A) चंद्रमा के समान शीतल
(B) विभीषण के समान हल्का
(C) घोंघे के समान मंदगति
(D) त्रिशंकु के समान दुविधापरक

उत्तर- B

व्याख्या: विभीषण के समान – भेदी 'समानतावाचक विशेषण' का प्रयोग किया जाता है।

CLICK HERE - https://t.me/+0-Y2QPesTsIzNjE3pdf
CLICK HERE
DECODE EXAM BEYOND THE BOOKS www.decodeexam.com

40. 'समुद्री साँप में घातक परंतु बहुत कीमती जहर पाया जाता है' वाक्य में है?

(A) तीन विशेषण और दो विशेष्य
(B) दो विशेषण और तीन विशेष्य
(C) दो विशेषण और दो विशेष्य
(D) तीन विशेषण और एक विशेष्य

उत्तर- A

व्याख्या: वाक्य में तीन विशेषण 'समुद्री' 'घातक' व 'कीमती' तथा दो विशेष्य 'साँप' व 'जहर' है।

- अतः विकल्प (A) सही है।

41. निम्न शब्दों में विशेष्य है-

(A) क्रोधी
(B) घरेलू
(C) मानसिक
(D) किताब

उत्तर- D

व्याख्या: 'किताब' विशेष्य शब्द है, जिसका विशेषण किताबी होगा। शेष सभी विशेषण हैं।

- घर घरेलू
- मानस मानसिक
- क्रोध क्रोधी

42. निम्नलिखित में से वह वाक्य छाँटिए, जिसमें क्रियाविशेषण का प्रयोग किया गया है?

(A) यहाँ कैसे-कैसे लोग एकत्र हुए हैं।
(B) वह काली गाय घास चर रही है।
(C) मुझसे खट्टा फल नहीं खाया जाता।
(D) तुम जी जान लगाकर पढ़ रहे हो।

उत्तर- D

व्याख्या: क्रिया की विशेषण बताने वाले शब्द क्रियाविशेषण कहलाते हैं। वाक्य (D) में 'पढ़ना' क्रिया है जिसकी विशेषता है 'जान लगाकर' अतः इसमें क्रिया विशेषण का प्रयोग हुआ है।

43. कौन सी विशेषण की उत्तमावस्था है?

(A) अधिक
(B) अधिकतर
(C) अधिकतम
(D) उच्चतर

उत्तर- C

व्याख्या: 'अधिकतम' विशेषण की उत्तमावस्था है। 'अधिक' 'मूलावस्था' व 'अधिकतर' उत्तरावस्था।

44. 'गरीब लड़का कहाँ जा रहा है?' वाक्य में विशेषण है?

CLICK HERE -
CLICK HERE -
https://t.me/Apostlestories2023pdf

(A) गरीब
(B) लड़का
(C) कहाँ
(D) रहा है

उत्तर- A

व्याख्या: इस वाक्य में 'लड़का' विशेष्य है व 'गरीब' लड़के की विशेषता बता रहा है अतः यह विशेषण हुआ।

45. 'यह गाय अधिक दूध देती है' वाक्य में 'अधिक' विशेषण किसकी विशेषता बता रहा है?

(A) गाय की
(B) दूध की
(C) देने की
(D) किसी की नहीं

उत्तर- B

व्याख्या: 'अधिक' दूध (विशेष्य) की विशेषता बता रहा है। अतः विकल्प (B) इस प्रश्न का सही उत्तर है।

46. 'परिश्रमी' शब्द में कौन-से विशेषण का बोध होता है?

(A) गुणवाचक
(B) संख्यावाचक
(C) परिमाणवाचक
(D) सार्वनामिक

उत्तर- A

व्याख्या: 'परिश्रमी' गुणवाचक विशेषण है।

47. 'संस्कृति' का विशेषण क्या है?

(A) संस्कृत
(B) सांस्कृति
(C) संस्कृतिक
(D) सांस्कृतिक

उत्तर- D

व्याख्या: 'संस्कृति' मूल शब्द से बना विशेषण 'सांस्कृतिक' है।

48. किस वाक्य में 'अच्छा' शब्द का प्रयोग विशेषण के रूप में हुआ है?

(A) तुमने अच्छा किया जो आ गए।
(B) यह स्थान बहुत अच्छा है।
(C) अच्छा, तुम घर जाओ।
(D) अच्छा है वह अभी आ जाए।

उत्तर- B

व्याख्या: वाक्य (B) में 'अच्छा' शब्द का प्रयोग विशेषण के रूप में किया गया है।

CLICK HERE - https://t.me/Rpsctest2023pdf

49. 'वह नेता विधायक है।' वाक्य में 'वह' किस प्रकार का विशेषण है?

(A) गुणवाचक
(B) सार्वनामिक
(C) गुणवाचक
(D) परिमाणवाचक

उत्तर- B

व्याख्या: 'वह' एक सार्वनामिक विशेषण है।

50. 'गुरु' शब्द की उत्तमावस्था क्या होगी?

(A) गुरुतम
(B) गुरुजन
(C) गुरुओं
(D) गुरुजी

उत्तर- A

व्याख्या: 'गुरु' शब्द की 'उत्तमावस्था' 'गुरुतम' होगी।

51. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द विशेषण है?

(A) उपार्जन
(B) उपनिवेश
(C) चक्षु
(D) घरेलू

उत्तर- D

व्याख्या: 'घर' (विशेष्य) शब्द से बना शब्द 'घरेलू' विशेषण है। अतः विकल्प (D) सही है।

- उपार्जन उपार्जित
- उपनिवेश औपनिवेशिक
- चक्षु चाक्षुष/ चक्षुष

52. 'इन्द्रिय' का विशेषण शब्द है-

(A) इन्द्रीय
(B) इन्द्रिक
(C) ऐन्द्रि
(D) ऐन्द्रिय

उत्तर- D

व्याख्या: 'इन्द्रिय' का विशेषण 'ऐंद्रिक/ऐन्द्रिय' होता है।

53. 'पाँचवाँ' शब्द में विशेषण का प्रकार है?

(A) पूर्णकिबोधक
(B) आवृत्तिवाचक

CLICK HERE - https://t.me/Top10ResultSeries2023pdf
CLICK HERE
DECODE EXAM BEYOND THE BOOKS www.decodeexam.com

(C) गणनावाचक
(D) क्रमवाचक

उत्तर- D

व्याख्या: पाँचवाँ शब्द में क्रमवाचक विशेषण है। क्रमवाचक विशेषण क्रम के अनुसार गणना का बोध कराता है। जैसे – पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा, पाँचवाँ आदि।

54. विशेष्य शब्द है?
(A) ललिता
(B) सुन्दर
(C) लंबा
(D) लघु

उत्तर- A

व्याख्या: दिये गये शब्दों में से 'ललिता' शब्द विशेष्य है, इसका विशेषण लालित्य है।

- सुन्दरता सुन्दर
- लंब लंबा
- लाघव लघु

55. 'वह एक अच्छा विद्यार्थी है' वाक्य में विशेष्य है?
(A) वह
(B) एक
(C) अच्छा
(D) विद्यार्थी

उत्तर- D

व्याख्या: वाक्य में 'विद्यार्थी' विशेष्य है व अच्छा उसका विशेषण।

56. 'मधुरतर' विशेषण की कौन सी अवस्था है?
(A) मूलावस्था
(B) उत्तरावस्था
(C) उत्तमावस्था
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- B

व्याख्या: 'मधुतर' विशेषण की 'उत्तरावस्था' है।

- मूलावस्था मधुर
- उत्तरावस्था मधुरतर
- उत्तमावस्था मधुरतम

57. 'भूख' शब्द में कौन सा प्रत्यय जोड़कर विशेषण बनाया जा सकता है?
(A) आ
(B) इक

CLICK HERE -
CLICK HERE =
https://t.me/Rpsc1stGradeTestSeries2023pdf
DECODE EXAM BEYOND THE BOOKS www.decodeexam

(C) इत
(D) शील

उत्तर- A

व्याख्या: 'भूख' शब्द में 'आ' प्रत्यय लगाने से 'भूखा' विशेषण बनेगा। अतः विकल्प (a) सही है।

58. 'चारो भाई' में कौन सा विशेषण है?

(A) क्रमवाचक
(B) आवृत्तिवाचक
(C) समुदायवाचक
(D) प्रत्येकवाचक

उत्तर- C

व्याख्या: 'चारों' समुदायवाचक विशेषण है। समुदायवाचक विशेषण किसी संख्या के समुदाय का बोध कराता है।

59. 'ठण्डा पानी ठण्ड पैदा करता है।' इस वाक्य में कौन सा शब्द विशेष्य है?

(A) ठण्डा
(B) ठण्ड
(C) पानी
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर- C

व्याख्या: प्रस्तुत वाक्य में 'पानी' शब्द विशेष्य है जिसकी विशेषता 'ठंडा' है।

60. 'सूखा' है?

(A) सार्वनामिक विशेषण
(B) परिमाणवाचक विशेषण
(C) संख्यावाचक विशेषण
(D) गुणवाचक विशेषण

उत्तर- D

व्याख्या: 'सूखा' गुणवाचक विशेषण है।

61. 'मध्यम पुरुष' सार्वनामिक विशेषण है?

(A) मेरा
(B) तुम्हारा
(C) वह
(D) इसे

उत्तर- B

व्याख्या: मध्यम पुरुष सर्वनाम मुख्यतः श्रोता/पाठक होता है जिससे वक्ता अपनी बात कर रहा होता है। आप, तुम, तुमको, तुम्हारा, तुझे, तू आदि मध्यम पुरुष के उदाहरण है।

CLICK HERE - https://t.me/Rpsc1stGradeTestSeries2023pdf

पुरूषवाचक सर्वनाम

उत्तम पुरूष(लेखक या वक्ता स्वयं)	मध्यम पुरूष (श्रोता या पाठक)	अन्य पुरूष (लेखक/वक्ता या श्रोता/पाठक से भिन्न कोई अन्य)
मैं, मेरा, हम, हमारा, मुझको, हमको, मैनें, हमने, हमें, मुझे।	तू, तुम, तेरा, तुम्हारा, तुझे, तुम्हें, आपको, अपने।	वह, वे, उन्हं, उसके उसका, इसे , यह ये।

62. 'उसका काला कोट बहुत अच्छा लग रहा है।' वाक्य में रेखांकित शब्द किस प्रकार का विशेषण है?

(A) संकेतवाचक विशेषण
(B) परिमाणवाचक विशेषण
(C) गुणवाचक विशेषण
(D) संख्यावाचक विशेषण

उत्तर- C

व्याख्या: 'काला' शब्द गुणवाचक (रंगबोधक) विशेषण है।

63. 'एक दर्जन केले चाहिए।' वाक्य में रेखांकित शब्द में किस प्रकार का निश्चित संख्यावाचक विशेषण प्रयुक्त हुआ है?

(A) गणनावाचक
(B) क्रमवाचक
(C) आवृत्तिवाचक
(D) समुदायबोधक

उत्तर- D

व्याख्या: 'एक दर्जन' समुदायवाचक या समुच्चयवाचक संख्यावाचक विशेषण है।

- गणनावाचक – एक, दो, तीन, चार, आदि
- क्रमवाचक – पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा आदि
- आवृत्तिवाचक – दुगुना, सौगुना आदि।

64. यहाँ हम चल रहे हैं, वहाँ वो दौड़ रहे हैं। वाक्य में प्रयुक्त क्रियाविशेषण की पहचान कीजिए।

(A) साधारण क्रियाविशेषण
(B) संयोजक क्रियाविशेषण
(C) अनुबद्ध क्रियाविशेषण
(D) यौगिक क्रियाविशेषण

उत्तर- B

व्याख्या: जिन क्रियाविशेषणों का संबंध किसी उपवाक्य से होता है, उसे संयोजक क्रिया विशेषण कहते हैं। प्रश्नगत वाक्य में संयोजक क्रिया विशेषण का प्रयोग हुआ है। उदाहरण-

- **जहां** तुम जाओगे, **वहीं** मैं जाऊँगा।
- **यहाँ** हम चल रहे हैं, **वहाँ** वो दौड़ रहे हैं।
- **जहाँ** तुम अभी खड़े हो, **वहाँ** घर हुआ करता था।

CLICK HERE -
CLICK HERE -
https://t.me/Top10ppsc - PPSC Test Series 2023pdf

- **जब** अंकित ही नहीं **तो** मैं जी कर क्या करूंगी।
- **जहाँ** पर अब समुद्र है **वहाँ** पर कभी जंगल था।

65. "वह आदमी जो कल आपके घर आया था, बहुत बड़ा ठग है।"
उपर्युक्त वाक्य में कितने विशेषण हैं?

(A) तीन
(B) दो
(C) चार
(D) पांच

उत्तर- C
व्याख्या: उपर्युक्त वाक्य में 'वह', 'जो', 'आपके' तथा 'बड़ा' शब्द विशेषण हैं।

66. "वे अच्छी लड़कियाँ हैं" वाक्य में विकारी विशेषण है?

(A) अच्छी
(B) लड़कियाँ
(C) वे
(D) हैं

उत्तर- A
व्याख्या: "वे अच्छी लड़कियाँ हैं" वाक्य में विकारी विशेषण 'अच्छी' है। वे विशेषण जो लिंग, वचन, कारक के अनुसार परिवर्तित हो जाते हैं, विकारी विशेषण कहलाते हैं।

67. निम्नलिखित में से विशेष्य एवं विशेषण की दृष्टि से एक युग्म गलत है-

(A) क्रोध क्रुद्ध
(B) आसक्ति आसक्त
(C) आकर्षण आकृष्ट
(D) ईर्ष्या उपेक्षा

उत्तर- D
व्याख्या: 'ईर्ष्या' विशेष्य है, इसका विशेषण 'ईर्ष्यालु' है। 'उपेक्षा' विशेष्य है, इसका विशेषण 'उपेक्षित' होता है। शेष युग्म सही हैं।

68. निम्न शब्दों में विशेष्य है?

(A) श्वेत
(B) जीर्ण
(C) गरीब
(D) किताब

उत्तर- D
व्याख्या: 'किताब' विशेष्य है, इसका विशेषण 'किताबी' होता है। श्वेत, जीर्ण एवं गरीब विशेषण हैं। गरीब का विशेष्य 'गरीबी' है।

CLICK HERE -
CLICK HERE -
https://t.me/+0-2Q0-2Rss1sNzI3 pdf

69. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द विशेषण है?

(A) आग

(B) आग्नेय

(C) अगिन

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर- B

व्याख्या: 'आग' मूल शब्द (विशेष्य) है, इसका विशेषण 'आग्नेय' है।

70. "वह बहुत खाता है।" इस वाक्य में 'बहुत' शब्द किस प्रकार का विशेषण है?

(A) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

(B) निश्चित संख्यावाचक विशेषण

(C) तुलनात्मक विशेषण

(D) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण

उत्तर- D

व्याख्या: "वह बहुत खाता है।" इस वाक्य में 'बहुत' शब्द अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण है। जिन विशेषण शब्दों से वस्तु की अनिश्चित मात्रा का ज्ञान होता है, वहाँ अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण होता है।

71. 'मेरी ओर देखो।' वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है?

(A) कालवाचक क्रिया विशेषण

(B) स्थानवाचक क्रिया विशेषण

(C) दिशावाचक क्रिया विशेषण

(D) परिमाणवाचक क्रिया विशेषण

उत्तर- C

व्याख्या: जो अविकारी शब्द किसी क्रिया की दिशा का बोध कराते हैं, उन्हें दिशावाचक क्रियाविशेषण कहते हैं। प्रश्नगत वाक्य में दिशावाचक क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है। जैसे – ओर, दायें-बायें, इधर-उधर, चारों तरफ आदि।

72. 'खट्टा संतरा' में 'खट्टा' विशेषण किस कोटि का है?

(A) परिमाणवाचक

(B) गुणवाचक

(C) व्यक्तिवाचक

(D) संख्यावाचक

उत्तर- B

व्याख्या: 'खट्टा संतरा' में 'खट्टा' गुणवाचक विशेषण है।

73. 'भावना कहाँ पढ़ती है?' में किस कोटि का विशेषण प्रयुक्त हुआ है?

(A) गुणवाचक

(B) प्रश्नवाचक

(C) संख्यावाचक

CLICK HERE -
https://t.me/Rpsc1stGradeExamSeries2023pdf
CLICK HERE =
www.decodeexam.com

(D) संकेतवाचक

उत्तर- B

व्याख्या: ऐसे शब्द जो संज्ञा या सर्वनाम में किसी वस्तु या व्यक्ति के जानने के लिए प्रयोग होता है, वे प्रश्नवाचक विशेषण कहलाते हैं। प्रश्नगत उदाहरण में "कहाँ" 'प्रश्नवाचक विशेषण' प्रयुक्त हुआ है।

74. 'लोभी' किस विधि से निर्मित विशेषण है?

(A) संज्ञा विधि

(B) सर्वनाम विधि

(C) क्रिया विधि

(D) प्रत्यय विधि

उत्तर- D

व्याख्या: 'लोभी' प्रत्यय विधि से निर्मित विशेषण है, क्योंकि 'लोभ' में 'ई' प्रत्यय जोड़कर इसका निर्माण किया जाता है।

75. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द विशेषण है?

(A) सीता–राम

(B) अग्नि

(C) भय

(D) आकाशीय

उत्तर- D

व्याख्या: 'आकाश' संज्ञा शब्द से बना विशेषण है– आकाशीय, शेष सही नहीं हैं।

- भय - भयानक
- अग्नि- आग्नेय

76. 'काली साड़ी' में कौन सा विशेषण है?

(A) संख्यावाचक

(B) परिमाणवाचक

(C) गुणवाचक

(D) सार्वनामिक

उत्तर- C

व्याख्या: 'काली साड़ी' में 'काली' शब्द गुणवाचक विशेषण है।

77. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए, जिनमें विशेषण और विशेष्य की गणना दी गयी है-

1. समुद्री साँप में घातक परंतु कीमती जहर पाया जाता है। – तीन विशेषण और दो विशेष्य

2. सुगंधित कस्तूरी के लोभी शिकारी राजस्थानी हिरणों का अवैध शिकार करते हैं।- तीन विशेषण और चार विशेष्य

3. भले और महान लोग उचित और संयमित व्यवहार करते है।- चार विशेषण और दो विशेष्य

उपर्युक्त में से कौन सा/से सही है/हैं?

(A) 1 व 2

(B) 2 व 3

CLICK HERE -
https://t.me/Rpsc1stgradeexamseries2023pdf
CLICK HERE
www.decodeexam.com

(C) 1 व 3
(D) 1, 2 व 3

उत्तर- C

व्याख्या: वाक्य 1 में तीन विशेषण – 'समुद्री', 'घातक' व 'कीमती' तथा दो विशेष्य 'सांप' और 'जहर' है।

- दूसरे वाक्य में चार विशेषण क्रमशः – सुगंधित, लोभी, अवैध तथा 'राजस्थानी' है तथा चार विशेष्य – कस्तूरी, शिकारी, हिरण और शिकार है।
- तीसरे वाक्य चार विशेषण – भले, महान, उचित और संयमित तथा दो विशेष्य – लोग और व्यवहार अतः प्रश्नानुसार युग्म एक तीन सही है जबकि दो गलत है।

78. विशेष्य शब्दों के आगे उनके विशेषण दिये हुए हैं, जिनमें एक विकल्प सही है, उसे चयनित कीजिए।

(A) आयु आय
(B) राजनीति राजनीतिज्ञ
(C) राष्ट्र राष्ट्री
(D) समर सामरिक

उत्तर- D

व्याख्या: 'समर' का विशेषण 'सामरिक' होता है अतः विकल्प (D) सही है।

- आयु आयुष्मान
- राजनीति राजनीतिक
- राष्ट्र राष्ट्रीय

79. 'मयंक गलत चाल चलता है' वाक्यांश के 'गलत चाल' शब्द में किस क्रिया विशेषण का रूप है?

(A) कालवाचक क्रिया विशेषण
(B) स्थानवाचक क्रिया विशेषण
(C) रीतिवाचक क्रिया विशेषण
(D) परिमाणवाचक क्रिया विशेषण

उत्तर- C

व्याख्या: दिए गए वाक्य में रीतिवाचक विशेषण का प्रयोग हुआ है।

80. किस शब्द में 'ईला' प्रत्यय लगाने से वह विशेषण का रूप धारण कर लेगा?

(A) कुल
(B) चमक
(C) वर्ष
(D) नियम

उत्तर- B

व्याख्या: चमक में 'ईला' विशेषण लगाने से 'चमकीला' विशेषण बनेगा।

- कुल - कुलीन
- वर्ष - वार्षिक
- नियम - नियमित

CLICK HERE - https://t.me/Top_Question_Series_2023pdf
CLICK HERE
DECODE EXAM BEYOND THE BOOKS www.decodeexam

81. निम्नलिखित मिश्र वाक्यों में कौन सा विशेषण उपवाक्य है?

(A) लखनऊ, जो उत्तर प्रदेश की राजधानी है, एक ऐतिहासिक नगर है।
(B) मैं चाहता हूँ कि आप यहीं रहें।
(C) मैं कहता हूँ तुम और गोपाल जाओ।
(D) जब मैं स्टेशन पहुँचा, तभी ट्रेन आयी।

उत्तर- A

व्याख्या: वाक्य (A) एक विशेषण उपवाक्य का उदाहरण है।

विशेषण उपवाक्य (Adjective Clause)- जो उपवाक्य किसी दूसरे उपवाक्य में आये संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता प्रकट करता है, उसे विशेषण उपवाक्य कहते हैं। दूसरे शब्दों में- जो गौण उपवाक्य प्रधान उपवाक्य की संज्ञा, सर्वनाम या संज्ञा पदबंध की विशेषता बताए, वह विशेषण उपवाक्य कहलाता है। पूरे वाक्य में इसका वही काम आता है, जो साधारण वाक्य में किसी विशेषण का होता है।

जैसे- 'वह विद्यार्थी जो कल अनुपस्थित था, बीमार है।'

(क) वह विद्यार्थी बीमार है- प्रधान उपवाक्य

(ख) जो कल अनुपस्थित था - विशेषण उपवाक्य ; 'विद्यार्थी की विशेषता बतलाता है।

- ✓ यह जरूरी नहीं कि विशेषण उपवाक्य प्रधान उपवाक्य में आये हुए ही किसी शब्द की विशेषता प्रकट करे। यह अन्य उपवाक्य में आये हुए शब्दों की भी विशेषता प्रकट करता है।

जैसे- मैंने कहा कि तुमने यह कलम खरीदी है जो बाजार में सबसे सस्ती है।

(क) मैंने कहा- प्रधान उपवाक्य।

(ख) कि तुमने यह कलम खरीदी है- संज्ञा उपवाक्य, 'कहा' क्रिया का कर्म।

(ग) जो बाजार में सस्ती है- विशेषण उपवाक्य संज्ञा उपवाक्य में आये।

- ✓ 'कलम' शब्द की व्याप्ति मर्यादित करती है, यानी विशेषता बताती है। कभी-कभी जो के स्थान पर 'जैसे-' 'जितना' इत्यादि 'ज' ही वाले शब्द आते हैं।

82. 'सातों महाद्वीप' संख्यावाचक विशेषण के किस रूप को दर्शाता है?

(A) क्रमवाचक
(B) समुदाय वाचक
(C) अनिश्चित संख्या वाचक
(D) आवृत्ति वाचक

उत्तर-B

व्याख्या: जिन शब्दों से किसी संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध हो, उन्हें संख्या वाचक विशेषण कहते हैं।

- 'सातों महाद्वीप' संख्यावाचक विशेषण का समुदायवाचक रूप है।

83. एक वाक्य में विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है-

(A) वह संन्यासी है।
(B) वह लड़की गायिका है।
(C) रमेश तेज दौड़ता है।
(D) वह मधुर संगीत सुनता है।

उत्तर- A

CLICK HERE -
https://t.me/+0-Ar2Qp4esI5MTk1 CLICK HERE
DECODE EXAM BEYOND THE BOOKS www.decodeexam.com

व्याख्या: 'वह संन्यासी है' वाक्य में 'वह' सर्वनाम के रूप में प्रयुक्त हुआ न कि सार्वनामिक विशेषण के रूप में। अतः इसमें विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है।

84. निम्नलिखित में एक विशेषण शब्द है?

(A) अतृप्ति
(B) आकर्षण
(C) अभिषिक्त
(D) आयु

उत्तर- C

व्याख्या:

(विशेष्य)	(विशेषण)
अभिषेक	अभिषिक्त
अतृप्ति	अतृप्त
आकर्षण	आकृष्ट
आयु	आयुष्मान

85. निम्नलिखित युग्मों में कौन विशेष्य-विशेषण की दृष्टि से गलत है?

(A) पुष्टि- पौष्टिक
(B) गार्हस्थ- गृहस्थ
(C) उदीची- औदीच्य
(D) प्रौढ़ता- प्रौढ़

उत्तर- B

व्याख्या: 'गृहस्थ' एक विशेष्य शब्द है। इसका विशेषण 'गार्हस्थ' होता है। अन्य सभी युग्म सही हैं।

86. निम्नलिखित में एक विशेष्य शब्द है?

(A) सुनहला
(B) स्त्रैण
(C) पौरुषेय
(D) स्मृति

उत्तर- D

व्याख्या: 'स्मृति' एक विशेष्य शब्द है इसका विशेषण 'स्मृत' होता है। सुनहला, स्त्रैण, पौरुषेय सभी विशेषण हैं। इनके विशेष्य क्रमशः सोना, स्त्री, पुरुष होता है।

87. निम्नलिखित में से कौन एक गुणवाचक विशेषण नहीं है?

(A) सुडौल
(B) क्षेत्रीय
(C) थोड़ा-सा
(D) प्राचीन

उत्तर- C

व्याख्या: सुडौल, क्षेत्रीय तथा प्राचीन गुणवाचक विशेषण हैं जबकि "थोड़ा-सा" अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण है।

CLICK HERE -
https://t.me/Top10Aspirants
CLICK HERE
www.decodeexam.com
DECODE EXAM
BEYOND THE BOOKS
Top 10 Aspirants
https://t.me/Top10Aspirants
Test Series 2023 pdf

88. "सतीश चंचल बालक है" इस वाक्य में 'चंचल' शब्द है?

(A) विधेय विशेषण
(B) गुणवाचक विशेषण
(C) सार्वनामिक विशेषण
(D) प्रविशेषण

उत्तर- B

व्याख्या: "सतीश चंचल बालक है" इस वाक्य में 'चंचल' शब्द गुणवाचक विशेषण है।

89. 'धुँधला' शब्द में विशेषण है?

(A) संख्यावाचक विशेषण
(B) गुणवाचक विशेषण
(C) सार्वनामिक विशेषण
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर- B

व्याख्या: 'धुँधला' शब्द में गुणवाचक विशेषण है। संख्यावाचक विशेषण संख्या से संबंधित होते हैं।

- जैसे – एक, दो, पहला, दूसरा, दूना, तिगुना आदि। सार्वनामिक विशेषण हैं – यह, वह, ऐसा, वैसा, आदि।

90. "यह कमीज उजली है" इस वाक्य में 'कमीज' शब्द है?

(A) विशेषण
(B) विशेष्य
(C) क्रिया विशेषण
(D) सर्वनाम

उत्तर- B

व्याख्या: "यह कमीज उजली है" इस वाक्य में 'कमीज' शब्द विशेष्य है। यहाँ 'उजली' का प्रयोग विशेषण के रूप में किया गया है।

91. "हजारों लोगों ने उसे देखा है" वाक्य में विशेषण है?

(A) देखा
(B) लोगों
(C) हजारों
(D) उसे

उत्तर- C

व्याख्या: "हजारों लोगों ने उसे देखा है" वाक्य में 'हजारों' शब्द विशेषण है, जो अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण के अंतर्गत आता है।

92. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द 'गुणवाचक' विशेषण है?

(A) उचित
(B) पाँचवाँ
(C) कुछ

CLICK HERE - https://t.me/Apostlestories2023pdf
CLICK HERE
www.decodeexam.com

(D) तीन

उत्तर- A

व्याख्या: 'उचित' गुणवाचक विशेषण है। 'पाँचवाँ' क्रमवाचक, 'कुछ' अनिश्चित परिणामवाचक तथा 'तीन' गणनावाचक विशेषण है।

93. "वह नौकर नहीं आया।" वाक्य में 'वह' कौन सा विशेषण है?

(A) सार्वनामिक विशेषण
(B) गुणवाचक विशेषण
(C) संख्यावाचक विशेषण
(D) परिमाणबोधक विशेषण

उत्तर- A

व्याख्या: 'वह' सार्वनामिक विशेषण है। यह, वह, कोई, ऐसा, जैसा, कैसा आदि सार्वनामिक विशेषण हैं।

- सार्वनामिक विशेषण दो तरह के होते हैं – (1) मौलिक सार्वनामिक विशेषण-यह, वह। (2) यौगिक सार्वनामिक विशेषण – ऐसा, कैसा, जैसा आदि।

94. "सुधामयी, वात्सल्यमयी, तू प्रेममयी है" वाक्य में विशेष्य है?

(A) सुधामयी
(B) वात्सल्यमयी
(C) प्रेममयी
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर- D

व्याख्या: सुधामयी का अर्थ 'सुधा से भरा हुआ', वात्सल्यमयी का अर्थ 'वात्सल्य से भरा हुआ' तथा प्रेममयी का अर्थ 'प्रेम से भरा हुआ' है। अतः सुधामयी, वात्सल्यमयी तथा प्रेममयी विशेषण हैं, विशेष्य नहीं।

95. "रमेश की पुस्तक पुरानी है" – इस वाक्य में 'पुस्तक' शब्द है?

(A) विशेष्य
(B) विशेषण
(C) क्रिया-विशेषण
(D) सर्वनाम

उत्तर- A

व्याख्या: प्रस्तुत वाक्य में 'पुस्तक' विशेष्य है, क्योंकि पुस्तक की विशेषता 'पुरानी' विशेषण को इंगित करती है।

96. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द 'गुणवाचक' विशेषण है?

(A) सच्चा
(B) चौथा
(C) कुछ
(D) आठ

उत्तर- A

CLICK HERE -
CLICK HERE -
https://t.me/Top_Selected_Series_2023pdf
DECODE EXAM BEYOND THE BOOKS www.decodeexam

व्याख्या: 'सच्चा' गुणवाचक विशेषण है। 'चौथा' क्रमवाचक, 'कुछ' अनिश्चित परिमाणवाचक तथा 'आठ' गणनावाचक विशेषण है।

97. "गाय का ताजा दूध स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है।" वाक्य में विशेषण शब्द है?

(A) गाय
(B) ताजा
(C) दूध
(D) लाभदायक

उत्तर- B

व्याख्या: जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताये, उसे 'विशेषण' कहते हैं। जिसकी विशेषता बतायी जाये, वह 'विशेष्य' कहलाता है। दिये गये प्रश्न में 'ताजा' विशेषण तथा 'दूध' विशेष्य है।

98. 'भय' शब्द का विशेषण होगा?

(A) भयभीत
(B) भयंकर
(C) भयानक
(D) निर्भीक

उत्तर- C

व्याख्या: 'भय' शब्द का विशेषण 'भयानक' होता है।

99. दिए गए विकल्पों में से 'पवित्रता' का विशेषण कौन सा है?

(A) पाक
(B) पवित्रात्मा
(C) पवित्र
(D) पवित्रतम

उत्तर- C

व्याख्या: प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर पवित्रता का विशेषण 'पवित्र' होगा।

100. "मौसम आज कुछ सुहावना-सा है।" वाक्य में 'सुहावना' शब्द किसका परिचायक शब्द है?

(A) विशेष्य
(B) विशेषण
(C) क्रियाविशेषण
(D) संज्ञा

उत्तर- B

व्याख्या: वाक्य में 'सुहावना' शब्द विशेषण का परिचायक है, क्योंकि यह मौसम की विशेषता बता रहा है।

CLICK HERE -
https://t.me/+0-xxxxxxxxxxxx2023pdf